**NEWS CLIPPING:21.07.2022**

# AAJ SAMAJ

## एनपीटीआई ने मीडिया विभाग के छात्रों को किया सम्मानित

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) द्वारा जेसी बोस विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के छात्रों को राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) की महानिदेशक तृप्ता ठाकुर तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पवन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) की महानिदेशक तृप्ता ठाकुर ने मीडिया विभाग का दौरा किया तथा विभाग के छात्रों से रूबरू हुई। उन्होंने कहा कि संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग निरंतर तरक्की करते हुए नए आयामों को हासिल कर रहा है। विभाग में छात्रों के मीडिया सम्बन्धित कौशल विकास पर विशेष कार्य किया जा रहा है। उन्होंने छात्रों की मीडिया स्किल से प्रभावित होकर कहा कि भविष्य में राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) संचार एवं मीडिया विभाग के साथ मिलकर कुछ प्रोजेक्ट करना चाहेगा।



कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में एनपीटीआई के महानिदेशक डॉ. तृप्ता ठाकुर द्वारा छात्रों को प्रशंसा पत्र के साथ एक समुह में । **आज समाज**

इस अवसर पर राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) की महानिदेशक तृप्ता ठाकुर तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने बीजेएमसी तृतीय वर्ष के छात्र अंकुर त्रिपाठी, दीपु, हर्ष, सम्मानित किया गया। इसके साथ सहायक प्राध्यापक डॉ. राहुल आर्य तथा राम रसपाल सिंह को भी सम्मानित किया गया और विभाग को प्रशंसा पत्र सौपा। ज्ञात रहे कि राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) विद्युत क्षेत्र के लिए प्रशिक्षण, पावर रेगुलेशन, पावर फाइनेंस, पावर एनवायरनमेंट और पावर टेक्नोलॉजी इंटरफेस आदि पर कार्यक्रम आयोजित करता हैं। इस अवसर पर फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट्स और मीडिया स्टडीज के संकायाध्यक्ष डॉ अतुल मिश्रा ने राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) की महानिदेशक तृप्ता ठाकुर का विभाग में आने पर धन्यवाद किया तथा भविष्य में विभाग तथा राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) के बीच कार्यक्रमों पर बल दिया। इस अवसर पर मीडिया विभाग के शिक्षक तथा छात्र उपस्थित रहे।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:21.07.2022**

# PUNJAB KESARI

# राष्ट्र निर्माण के लिए परोपकार की भावना से काम करें छात्रः प्रो. तोमर

## हरियाली पर्व से वृक्षारोपण के लिए किया जा रहा लोगों को प्रेरित

फरीदाबाद, 20 जुलाई (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने आज छात्रों से प्रकृति से निःस्वार्थ सेवा की सीख लेने का आह्वान करते हुए कहा कि एक बेहतर समाज एवं राष्ट्र निर्माण लिए छात्र परोपकार की भावना से काम करें। प्रो. तोमर विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे एक माह के पौधरोपण अभियान के तहत एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता एवं सेवानिवृत्त कार्यकारी अभियंता श्री. बी.एल. कत्याल मुख्य अतिथि थे।

विश्वविद्यालय आगमन पर प्रो. तोमर ने कत्याल को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ रेणुका गुप्ता, और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री कत्याल ने पौधरोपण अभियान में हिस्सा लिया तथा विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर पौधा भी लगाया।

इस अवसर पर बोलते हुए बी.एल. कत्याल, जिन्होंने वर्ष 1969 में कार्यकारी अभियंता के रूप में तत्कालीन वाईएमसीए इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट के निर्माण में अहम भूमिका निभाई तथा सीमित संसाधनों के साथ संस्थान के निर्माण को सुनिश्चित किया, ने उस दौर के घटनाक्रम को विद्यार्थियों के साथ साझा किया।

कत्याल नें बताया कि किस तरह से इंस्टीट्यूट के पूरे परिसर का निर्माण कार्य 50 लाख रुपये की कुल स्वीकृत राशि के मुकाबले केवल 45 लाख रुपये पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि इसका श्रेय उस समय की उस टीम को जाता है जिसने इस कार्य को एक चुनौती के रूप में लिया और समर्पित भाव एवं ईमानदारी से काम किया और उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग किया। इसी प्रकार पौधारोपण एक ऐसी गतिविधि है जिसमें हमें पूर्ण समर्पण के साथ अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हम ईमानदारी और लगन से काम करें तो कुछ भी मुश्किल नहीं है।



*विश्वविद्यालय में पौधारोपण करते हुए बी.एल. कत्याल साथ में कुलपति प्रो. तोमर।* *(छाया: एस शर्मा)*

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि वाईएमसीए इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट जैसी परियोजना का निर्माण सीमित धनराशि में करना उस समय की बड़ी उपलब्धि है जोकि उस समय की तकनीकी के अनुरूप एक बेहतरीन भवन था। इस भवन में हजारों छात्रों को आश्रय दिया है। इसी तरह हम प्रकृति में निवेश द्वारा बड़ा बदलाव ला सकते है तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए मूल्यवान संसाधन सृजित कर सकते हैं। प्रो. तोमर ने परोपकार की अवधारणा को विस्तार से बताया और इसे राष्ट्र निर्माण से जोड़ा। कार्यक्रम के अंत में प्रो. तिलक राज ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मीडिया विभाग के छात्रों को किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) द्वारा जे. सी. बोस विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के छात्रों को राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) की महानिदेशक तृप्ता ठाकुर तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यंक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) की महानिदेशक तृप्ता ठाकुर ने मीडिया विभाग का दौरा किया तथा विभाग के छात्रों से रूबरू हुई। उन्होंने कहा कि संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग निरंतर तरक्की करते हुए नए आयामों को हासिल कर रहा है। विभाग में छात्रों के मीडिया सम्बन्धित कौशल विकास पर विशेष कार्य किया जा रहा है। उन्होंने छात्रों की मीडिया स्किल से प्रभावित होकर कहा कि भविष्य में राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) संचार एवं मीडिया विभाग के साथ मिलकर कुछ प्रोजेक्ट करना चाहेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) की महानिदेशक तृप्ता ठाकुर तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने बीजेएमसी तृतीय वर्ष के छात्र अंकुर त्रिपाठी, दीपु, हर्ष, अनिरुद्ध , आस्था दत्ता को सम्मानित किया गया। इसके साथ सहायक प्राध्यापक डॉ. राहुल आर्य तथा राम रसपाल सिंह को भी सम्मानित किया गया और विभाग को प्रशंसा पत्र सौपा ज्ञात रहे कि राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) विद्युत क्षेत्र के लिए प्रशिक्षण, पावर रेगुलेशन, पावर फाइनेंस, पावर एनवायरनमेंट और पावर टेक्नोलॉजी इंटरफेस आदि पर कार्यक्रम आयोजित करता हैं।

**NEWS CLIPPING:21.07.2022**

# PIONEER

## परोपकार की भावना से काम करें छात्र : प्रो. तोमर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. एसके तोमर ने बुधवार को छात्रों से प्रकृति से निःस्वार्थ सेवा की सीख लेने का आह्वान करते हुए कहा कि एक बेहतर समाज एवं राष्ट्र निर्माण लिए छात्र परोपकार की भावना से काम करें।

प्रो. तोमर विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे एक माह के पौधारोपण अभियान के तहत एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता एवं सेवानिवृत्त कार्यकारी अभियंता बीएल कत्याल मुख्य अतिथि थे। उल्लेखनीय है कि विवि द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को चिह्नित करते हुए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।



जेसी बोस विश्व विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पौधा रोपण करते मुख्य अतिथि बीएल कत्याल, कुलपति प्रो. एस के तोमर और अन्य।

विश्वविद्यालय आगमन पर प्रो. तोमर ने श्री कत्याल को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ. रेणुका गुप्ता, और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री कत्याल ने पौधरोपण अभियान में हिस्सा लिया तथा विवि के मुख्य मैदान पर पौधा भी लगाया।

बीएल कत्याल ने वर्ष 1969 में कार्यकारी अभियंता के रूप में तत्कालीन वाईएमसीए इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट के निर्माण में अहम भूमिका निभाई तथा सीमित संसाधनों के साथ संस्थान के निर्माण को सुनिश्चित किया, ने उस दौर के घटनाक्रम को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। कत्याल ने बताया कि किस तरह से इंस्टीट्यूट के पूरे परिसर का निर्माण कार्य 50 लाख रुपये की कुल स्वीकृत राशि के मुकाबले केवल 45 लाख रुपये पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि इसका श्रेय उस समय की उस टीम को जाता है जिसने इस कार्य को एक चुनौती के रूप में लिया और समर्पित भाव एवं ईमानदारी से काम किया और उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग किया। इसी प्रकार पौधारोपण एक ऐसी गतिविधि है जिसमें हमें पूर्ण समर्पण के साथ अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हम ईमानदारी और लगन से काम करें तो कुछ भी मुश्किल नहीं है। प्रो. तिलक राज ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**NEWS CLIPPING:21.07.2022**

# PIONEER

## एनपीटीआई ने मीडिया के छात्रों को किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) द्वारा जेसी बोस विज्ञान एवं तकनीकी विवि वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के छात्रों को राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) की महानिदेशक तृप्ता ठाकुर तथा कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने सम्मानित किया गया।

संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) की महानिदेशक तृप्ता ठाकुर ने मीडिया विभाग का दौरा किया तथा विभाग के छात्रों से रूबरू हुई। उन्होंने कहा कि संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग निरंतर तरक्की करते हुए नए आयामों को हासिल कर रहा है। विभाग में छात्रों के मीडिया सम्बन्धित कौशल विकास पर विशेष कार्य किया जा रहा है। उन्होंने छात्रों की मीडिया स्किल से प्रभावित होकर कहा कि भविष्य में राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) संचार एवं मीडिया विभाग के साथ मिलकर कुछ प्रोजेक्ट करना चाहेगा। राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) की महानिदेशक तृप्ता ठाकुर तथा कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने बीजेएमसी तृतीय वर्ष के छात्र अंकुर त्रिपाठी, दीपु, हर्ष, अनिरुद्ध , आस्था दत्ता को सम्मानित किया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ. राहुल आर्य तथा राम रसपाल सिंह को भी सम्मानित किया गया और विभाग को प्रशंसा पत्र सौपा

**NEWS CLIPPING:21.07.2022**

# THE TRIBUNE

## CONNECTING WITH NATURE THROUGH YOGA

**Faridabad:** The Vice-Chancellor of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, Professor SK Tomar, has urged the students to dedicate themselves for selfless service to nature and environment. Also, he asked them to adopt yoga as their way of life. Addressing a programme as part of a month-long plantation campaign carried out by the university, Tomar said yoga could be instrumental in improving lifestyle. Yogacharya Sunil Gupta, the chief guest on this occasion, said the practice of yoga cultivated a sense of unity between the mind, body and the surrounding environment. He offered free yoga sessions for students. The university is celebrating July as 'Hariyali Parv' and to mark this occasion, a mega plantation campaign has been initiated. Eminent personalities from all walks of life are being invited to participate in the plantation campaign.

**NEWS CLIPPING:21.07.2022**

# DAINIK BHASKAR

# राष्ट्र निर्माण के लिए परोपकार की भावना से काम करें छात्रः कुलपति प्रो. तोमर

फरीदाबाद | जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसके तोमर ने छात्रों से प्रकृति से निःस्वार्थ सेवा की सीख लेने का आह्वान करते हुए कहा कि एक बेहतर समाज एवं राष्ट्र निर्माण लिए छात्र परोपकार की भावना से काम करें। प्रो. तोमर विश्वविद्यालय की ओर से चलाए जा रहे एक माह के पौधरोपण अभियान के तहत एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता एवं सेवानिवृत्त कार्यकारी अभियंता बीएल कत्याल मुख्य अतिथि थे। विश्वविद्यालय जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मना रहा है। इस अवसर को चिह्नित करते हुए पौधरोपण अभियान शुरू किया गया है।

**NEWS CLIPPING:21.07.2022**

# AMAR UJALA

## मूक कोर्स में दाखिला बढ़ाने के लिए प्रयास शुरू

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय (विवि) ने छात्रों से पत्राचार कर आगामी सेमेस्टर में ऑनलाइन शॉर्ट टर्म कोर्स में दाखिले के लिए कहा है। इसके लिए अधीनस्थ कॉलेज प्रबंधकों को आदेश जारी किए गए हैं। इसके लिए छात्र स्वयं पोर्टल पर जाकर अपनी पसंद का मूक कोर्स चुन सकते हैं।

जुलाई से नए सेमेस्टर में दाखिले शुरू हो गए हैं। स्वयं पोर्टल के जरिए विद्यार्थी 12 से 16 सप्ताह का शॉर्ट टर्म कोर्स कर सकेंगे। इसके लिए कॉलेज स्तर पर छात्र को तीन से छह अंक का भार मिलेगा। स्वयं पोर्टल के जरिए छात्र को एक शैक्षणिक सत्र में दो बार आवेदन का मौका मिलेगा। पहल मौका मौजूदा समय में मिलेगा। दूसरा मौका नवंबर में दिया जाएगा। स्वयं पोर्टल पर छात्र एनिमेशन, क्रिएटिव राइटिंग, जैसे कोर्स कर सकते हैं। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING:21.07.2022**

# HINDUSTAN

# छात्र परोपकार की भावना से काम करें : कुलपति

**फरीदाबाद, संवाददाता।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. एसके तोमर ने छात्रों से प्रकृति से निःस्वार्थ सेवा की सीख लेने का आह्वान करते हुए कहा कि एक बेहतर समाज एवं राष्ट्र निर्माण लिए छात्र परोपकार की भावना से काम करें।

प्रो. तोमर विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे एक माह के पौधरोपण अभियान के तहत एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रतिष्ठित-सामाजिक कार्यकर्ता एवं सेवानिवृत्त कार्यकारी अभियंता बीएल कत्याल मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्ष 1969 में कार्यकारी अभियंता के रूप में तत्कालीन वाईएमसीए इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट के निर्माण में अहम भूमिका निभाई थी।

उन्होंने बताया कि किस तरह से इंस्टीट्यूट के पूरे परिसर का निर्माण कार्य 50 लाख रुपये की कुल स्वीकृत राशि के मुकाबले 45 लाख में पूरा किया गया था। विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पौधरोपण अभियान शुरू किया गया है।

**NEWS CLIPPING:21.07.2022**

# HADOTI ADHIKAR

## छात्रों को किया सम्मानित

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 20 जुलाई। राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जे. सी. बोस विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के छात्रों को राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान की महानिदेशक तृप्ता ठाकुर तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान की महानिदेशक तृप्ता ठाकुर तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने बीजेएमसी तृतीय वर्ष के छात्र अंकुर त्रिपाठी, दीपु, हर्ष, अनिरुद्ध को आस्था दत्ता को सम्मानित किया गया। इसके साथ सहायक प्राध्यापक डॉ. राहुल आर्य तथा राम रसपाल सिंह को भी सम्मानित किया गया और विभाग को प्रशंसा पत्र सौपा।